# एस–400 पर अमेरिकी प्रतिबंधों के डर से बेखौफ भारत का ऐलान

ऐलान

## भारत रूस के साथ रक्षा संबंधों को और मजबूत करेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। रूस से एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने के बाद मंडरा रहे अमेरिकी प्रतिबंधों के खतरे के बीच भारत ने ऐलान किया है कि वह मास्को से हथियारों की खरीद जारी रखेगा। रूस में भारत के राजदूत बाला वेंकटेश वर्मा ने कहा कि भारत रूस के साथ अपने रक्षा संबंधों को और ज्यादा मजबूत बनाने को लेकर आशान्वित है। भारतीय राजदूत का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब अमेरिका की ओर से काट्सा प्रतिबंध लगने का खतरा है।

भारत ने साफ कर दिया है कि अमेरिका के साथ रक्षा संबंध भले ही मजबूत हो रहे हैं लेकिन वह रूस के साथ अपनी दोस्ती को नहीं तोड़ेगा। साथ ही इसे और ज्यादा बढ़ाएगा। रूस की सरकारी संवाद एजेंसी तास के साथ बातचीत में वर्मा ने कहा कि अगले महीने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक द्विपक्षीय बैठक करने जा रहे हैं। इस दौरान रक्षा, अर्थव्यवस्था, व्यापार, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच और ज्यादा सहयोग बढ़ेगा।



**अमेरिका में तेज हो रही भारत को काट्सा प्रतिबंधों से छूट की मांग** वर्मा ने कहा कि इस दौरान साल 2021 से 2031 के बीच में सैन्य और तकनीकी सहयोग की घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि इस साल भारत की सेनाओं ने पिछले 5 महीने में रूस की ओर से आयोजित प्रत्येक सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया है। मोदी और पुतिन के बीच इस साल अप्रैल महीने में हुई बातचीत में 22 डायलाग बनाने पर सहमति हुई है। उन्होंने कहा कि नए ट्रेंड रणनीतिक स्थिरता को क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रभावित कर रहे हैं।

भारत रूस से एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद रहा है जिससे अब अमेरिकी प्रतिबंधों का खतरा मंडरा रहा है। ये सिस्टम इस साल के आखिर तक भारत को मिल जाएंगे। ऐसे में अब अमेरिका में भी यह मांग तेज हो रही है कि भारत को काट्सा प्रतिबंधों से छूट दी जाए। यही नहीं भारत रूस से घातक युद्धपोत, राइफल और परमाणु रिएक्टर तक ले रहा है। इससे दोनों के बीच सहयोग लगातार बढ़ता जा रहा है।

**रूसी हथियारों के बिना बेदम हो जाएगी भारतीय सेनाः** बता दें कि अमेरिका में यह मांग तेज हो रही है कि भारत पर यह बैन न लगाया जा जाए। अब एक अमेरिकी रिपोर्ट खुलासा हुआ है कि भारत की रूसी हथियारों और उपकरणों पर निर्भरता में उल्लेखनीय गिरावट आई है, लेकिन भारतीय सेना रूसी आपूर्ति वाले उपकरणों के बिना प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकती है। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस (सीआरएस) की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि निकट भविष्य में भारत की रूस की हथियार प्रणालियों पर निर्भरता बनी रहेगी। यह रिपोर्ट बाइडन प्रशासन के उस महत्वपूर्ण फैसले से पहले आई है जिसमें बाइडन प्रशासन को भारत की रूस से सैन्य हथियार की खरीद को सीमित करना होगा।

## न्यूज डायरी



### जापानी राजकुमारी माको को लव मैरिज करते ही बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान की राजकुमारी माको करोड़ों रुपये और आलीशान जिंदगी को छोड़ एक साधारण इंसान से शादी करने के बाद से लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। माको के वकील पति कोमुरो केई अमेरिका के न्यूयॉर्क स्टेट बार एग्जाम में फेल हो गए हैं। इस कपल की शादी के कुछ ही दिन बाद यह रिजल्ट आया है। राजकुमारी माको देश के क्राउन प्रिंस फूमहिहितो की बेटी और वर्तमान राजा नरूहितो की भतीजी हैं। अभी यह कपल एक बेडरूम के घर में रह रहा है। माको ने हाल ही में अपने यूनिवर्सिटी के दोस्त कोमुरो केई से लव मैरिज की है। दोनों ने करीब 8 साल से साथ थे और काफी मुसीबतों के बाद दोनों की शादी हुई है। यह कपल अभी टोक्यो के एक अपार्टमेंट में जाने पर विचार कर रहा है और भविष्य में उनके अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में बसने की योजना है। केई न्यूयॉर्क में एक लॉ फर्म में वकील के रूप में काम करते हैं।

### एलन मस्क के अंतरिक्षयान का टॉयलेट खराब, बदलना होगा अंडरगार्मेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। मंगल ग्रह पर शहर बसाने का सपना देख रहे अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के अंतरिक्ष यान क्रू ड्रैगन का टॉयलेट खराब होने के कारण अब अंतरिक्षयात्रियों की मुसीबत बढ़ गई है। आलम यह है कि क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान को बिना बाथरूम के ही इस महीने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन रवाना किया जाएगा ताकि वहां से ऐस्ट्रोनॉट को वापस लाया जा सके। कई घंटे लंबी इस यात्रा के दौरान 4 अंतरिक्षयात्रियों को कई बार अपना अंडरगार्मेंट बदलना होगा। नासा के व्यावसायिक क्रू प्रोग्राम के मैनेजर स्टिव स्टिच ने कहा कि टॉयलेट खराब होने की वजह से अंतरिक्षयात्रियों को अंडरगार्मेंट पर भरोसा करना होगा। दरअसल, पिछले महीने पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान स्पेसएक्स के इंस्पिरेशन 4 मिशन एयरक्राफ्ट में एक खराबी आ गई थी। अंतरिक्षयान का टॉयलेट खराब हो गया था जिसके कारण यूरिन कैप्सूल के अंदर लीक होने लगा।

### पंजाब को अलग देश बनाने पर खालिस्तानियों के जनमत संग्रह की निकली हवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पंजाब को भारत से काटकर अलग देश बनाए जाने के लिए खालिस्तानियों की ओर से ब्रिटेन में कराए गए जनमत संग्रह की हवा निकल गई। रविवार को भारत में बैन आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस की ओर से ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों से सिखों को लंदन लाया गया था ताकि वे कथित जनमत संग्रह में हिस्सा ले सकें। सिख फॉर जस्टिस ने दावा किया था कि इस जनमत संग्रह में 10 से 12 हजार लोगों ने हिस्सा लिया लेकिन ब्रिटेन पर नजर रखने वाले लोगों का कहना है कि केवल 100 से लेकर 150 लोग ही इसमें शामिल हुए। सिख फॉर जस्टिस ने पूरे ब्रिटेन से लोगों को लाने के लिए 300 बसों का इंतजाम किया था। खालिस्तान समर्थक इस संस्था ने कहा कि इस कथित जनमत संग्रह में हिस्सा लेने के लिए 1500 से 1700 लोगों को लाया गया।

### चीन सरकार ने नागरिकों को दिया जरूरी चीजें स्टोर कर रखने का निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे खाने का सामान और अपनी रोजमर्रा की जरूरत का सामान स्टोक करके रखें। सरकार ने सर्दियों में इन सामानों की कमी और कीमतों में उछाल से बचने के लिए ऐसा करने को कहा है। दरअसल चीन में पिछले दिनों बारिश और तूफान ने काफी तबाही मचाई थी, जिस कारण कई हजार हेक्टेयर फसलें भी बर्बाद हो गई थीं। आने वाले दिनों में लोगों को दिक्कत ना हो, इसलिए सरकार एहतियात बरत रही है। इस संबंध में वाणिज्य मंत्रालय ने देर रात एक बयान जारी किया था। इसमें स्थानीय अधिकारियों से आपूर्ति और स्थिर कीमतों को सुनिश्चित करने के लिए अच्छा काम करने और आपूर्ति को लेकर किसी भी समस्या के बारे में जल्द चेतावनी देने का आग्रह किया गया है। सरकार इस स्थिति से बचने के लिए एहतियात बरत रही है।

## भारत–ऑस्ट्रेलिया धड़ाधड़ खरीद रहे अमेरिकी 'शिकारी'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दक्षिण चीन सागर से लेकर लद्दाख तक दादागिरी दिखा रहे चीनी ड्रैगन ने बहुत तेजी से अपनी सेना का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया है। चीन के पास इस समय सबसे बड़ी नौसेना है और इसमें कई घातक पनडुब्बियों को शामिल कर रहा है। दक्षिण चीन सागर पर प्रभुत्व कायम करने के बाद अब चीन की नजर हिंद महासागर पर है। इससे भारत और ऑस्ट्रेलिया चौकन्ना हो गए हैं और इन चीनी पनडुब्बियों को तबाह करने वाले अमेरिकी शिकारी पी–8 आई पोसाइडन विमान को धड़ाधड़ खरीद रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने ही अमेरिका से बड़े पैमाने पर पी–8 विमान विमान खरीद रहे हैं। ये दोनों ही देश क्वॉड के सदस्य हैं और चीन की दादागिरी से परेशान हैं। क्वॉड देशों का मकसद हिंद–प्रशांत क्षेत्र को मुक्त और खुला बनाए रखना है। यही नहीं अमेरिका के इस शिकारी को जर्मनी, नार्वे और ब्रिटेन भी बड़े पैमाने पर खरीद रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक खुफिया अधिकारी ने कहा कि विश्वास में कमी के कारण ये देश बड़े पैमाने पर एंटी सबमरीन प्लेन को खरीद रहे हैं। अधिकारी ने कहा, चीन तेजी से दक्षिण चीन सागर के बाहर अपनी समुद्र के अंदर युद्ध लड़ने की क्षमता को बढ़ा रहा है।



तुर्की में मिली 5 हजार साल पुरानी प्यार की यूनानी देवी की मूर्ति का धड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अंकारा। तुर्की में पुरातत्वविदों को खुदाई में 5 हजार साल पुरानी दो भव्य मूर्तियों के धड़ मिले हैं। ये मूर्तियां प्राचीन यूनान की प्यार की देवी अफरोडाइट और शराब के देवता डायोनसस की हैं। ये मूर्तियां पश्चिमी तुर्की के एक प्राचीन शहर से मिली हैं जहां दुनिया में सबसे पहले शेयर बजार खुले थे। पहले की खुदाई में मूर्तियों के निचले हिस्से मिले थे लेकिन अब तुर्की के ऐजानोई शहर में 5 हजार साल पुरानी मूर्तियों के धड़ मिले हैं। प्रत्येक धड़ को लाइमस्टोन पर बहुत खूबसूरत तरीके से उकेरा गया है। प्यार की देवी का धड़ 19 इंच लंबा और शराब के देवता का धड़ 17 इंच का है।

## कैरेबियाई देश गयाना ने भी दी भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को मान्यता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जार्जटाउन। गयाना ने भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को मान्यता दे दी है। मंगलवार को गयाना के जॉर्ज टाउन में भारतीय उच्चायोग ने इसकी जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया– भारत और गयाना के बीच ब्व्टप के बाद की साझेदारी में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गयाना ने भारत की स्वदेशी कोरोना वैक्सीन वैक्सीन भारत और गयाना के बीच ब्व्टप के बाद की साझेदारी में महत्वपूर्ण कदम को मान्यता दी है।

आस्ट्रेलिया के औषधि व चिकित्सा उपकरणों के नियामक ने सोमवार को भारत के कोरोनारोधी टीके कोवैक्सीन को औपचारिक रूप से मान्यता दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर अपने आस्ट्रेलियाई समकक्ष स्काट मारीसन को इसके लिए धन्यवाद दिया। भारत बायोटेक के कोवैक्सीन व एस्ट्राजेनेका आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के कोविशील्ड टीके का इस्तेमाल भारत में व्यापक रूप से किया जा रहा है। आस्ट्रेलिया कोविशील्ड को पहले ही मान्यता दे चुका है।

कोवैक्सीन की दोनों खुराक ले चुके लोग अब पूर्ण टीकाकृत माने जाएंगे और उन्हें आस्ट्रेलिया में प्रवेश की इजाजत होगी। इसका फायदा भारत समेत अन्य देशों के छात्रों और आस्ट्रेलिया में नौकरी अथवा कारोबार करने वालों को मिलेगा, जो प्रतिबंधों की वजह से फिलहाल अपने कालेज व काम पर नहीं लौट पा रहे थे। भारत बायोटेक ने 19 अप्रैल को डब्ल्यूएचओ से कोवैक्सीन को आपातकालीन इस्तेमाल वाली कोविड वैक्सीन की सूची में शामिल करने का आग्रह किया था। संभावना है कि डब्ल्यूएचओ की तकनीकी समिति अगले हफ्ते इसे हरी झंडी दे देगी। फिलहाल डब्ल्यूएचओ ने फाइजर बायोएनटेक, एस्ट्रजेनेका एसके बायो सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया, जानसन एंड जानसन, माडर्ना व सिनोफर्मा की कोरोना वैक्सीन को आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति दी है।

**डब्ल्यूएचओ से इसी हफ्ते हरी झंडी मिलने की उम्मीद**

### तालिबान के कब्जे के बाद पाकिस्तान में बढ़ा आतंकवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद उसकी सीमा से लगे पड़ोसी देश पाकिस्तान में जटिलताएं पैदा हो रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद पाकिस्तान में आतंकवाद और सांप्रदायिक हिंसा सहित जटिलताएं व्यापक रूप से बढ़ रही है। पाकिस्तान की सरकार ने इन चुनौतियों को लेकर पहले संकेत दिया था, लेकिन उसकी आवाज तालिबान के साथ अपनी रणनीतिक जीत के रूप में मानी जाती है जिसे उसने काबुल में लंबे समय तक सत्ता में रहने के लिए आश्रय दिया था। अल अरबिया पोस्ट के अनुसार, ये जटिलताएं दो कारकों पर निर्भर करती हैं – एक, तालिबान खुद अधिक चरमपंथी आतंकवादी संगठन अल कायदा और इस्लामिक स्टेट–खुरासान के स्थानीय सहयोगियों का सामना करता है और दूसरा, तालिबान सरकार अपने वैचारिक सहयोगियों, तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान पर अंकुश लगाने के लिए तैयार नहीं है।